# जनता कॉलेज में रावे विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

जनता कॉलेज बकेवर के सेमीनार हॉल में कृषि संकाय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ एमपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लैब टू लैंड और लैंड टू लैब पर आधारित होता है जिसमें विद्यार्थी क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को जानकर कॉलेज के विषय विशेषज्ञों से उनका समाधान एवं नवीनतम कृषि तकनीकी समझकर उन्हें किसानों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं साथ ही किसानों के संपर्क में रहकर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं इसलिए आज यहां कृषि संकाय के विद्यार्थियों को नवीन कृषि संबंधी तकनीकी की जानकारी एवं कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रभारी जिला कृषि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी व प्रभारी एसडीओ प्रमोद कुमार जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है साथ ही बैंकिंग प्रणाली ऋण संबंधी केसीसी आदि की जानकारी देने के लिए सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मदन कुमार जी को आमंत्रित किया गया है। प्रमोद कुमार प्रभारी जिला कृषि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी ने विद्यार्थियों को कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत किसानों को 70 से 80% सब्सिडी मिलती है, जिसमें ट्रैक्टर हैरो कल्टीवेटर आदि कृषि यंत्र मिलते हैं। इसी तरह स्प्रेयर ,डस्टर, रीपर एवं कंबाइन मशीन पर भी विशेष सब्सिडी किसानों को दी जाती है। कृषि विभाग द्वारा सब्सिडी पर दिए जा रहे फसलों के बीजों की जानकारी भी दी गई। साथ में उन्होंने बताया कि लंबे समय तक फसलोत्पादन लेने के लिए भूमि एवं जल का संरक्षण अति आवश्यक है। जल संरक्षण तकनीकी के तहत उन्होंने खेत का पानी खेत की तकनीकी को समझाया। उन्होंने बताया कि गर्मियों में गहरी जुताई करके खेत की मेड़बंदी करना आवश्यक होता है। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मदन कुमार ने बताया कि किसानों को खेती-बाड़ी के लिए कम ब्याज पर केसीसी लोन दिया जाता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कृषि ऋण उपलब्ध कराकर सरकार किसानों को प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्राध्यापक डॉ आदित्य कुमार ने संतुलित पशु आहार एवं बरसात सीजन में खुरपका मुंहपका रोग के निदान के संबंध में जानकारी दी। डॉ एसके विश्वकर्मा ने सब्जी उत्पादन की तकनीकी को समझाया। डॉ मनोज कुमार यादव ने फसल सुरक्षा उपाय पर प्रकाश डाला। डॉ पीके राजपूत ने रावे के विद्यार्थियों को आवंटित गांव की सूचना देने के साथ गांव में जाकर गांव एवं किसान संबंधी डाटा एकत्रित करने की जानकारी दी। और यह भी बताया कि वर्तमान में जो किसानों की समस्याएं हैं उनके निदान जो आज आपको बताए गए हैं कि किस तरह किसान कम आय में अधिक उत्पादन प्राप्त करें,किस तरह किसान अपनी फसल को कीड़े मकोड़े बीमारियों से बचाए यह सभी कृषि तकनीकी किसानों को बतानी है। कृषि संकाय के डीन डॉ एके पांडेय ने फल संरक्षण तकनीकी की जानकारी दी। अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेश किशोर त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एमपी यादव, डॉ धर्मेन्द्र कुमार आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।




# जनता कॉलेज में रावे विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण



कृषि संकाय के छात्रों को प्रशिक्षण देते

**लोक भारती न्यूज ब्यूरो**

लखना,इटावा। जनता कॉलेज बकेवर के सेमीनार हॉल में कृषि संकाय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एम.पी.सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लैब टू लैंड और लैंड टू लैब पर आधारित होता है जिसमें विद्यार्थी क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को जानकर कॉलेज के विषय विशेषज्ञों से उनका समाधान एवं नवीनतम कृषि तकनीकी समझकर उन्हें किसानों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं साथ ही किसानों के संपर्क में रहकर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं इसलिए आज यहां कृषि संकाय के विद्यार्थियों को नवीन कृषि संबंधी तकनीकी की जानकारी एवं कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी दी।

मामले की सुनवाई अपर न्यायिक दंडित किया। प्रयासों की सराहना की। की बुनियाद रखें। क्रेडिट व्यवस्था,

खेती-किसानी

## जनता कालेज बकेवर कृषि शिक्षा एवं प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बना

# किसानों को दी कृषि तकनीक की जानकारी

संवाददाता बकेवर, इटावा



प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेते प्राचार्य डा राजेश त्रिपाठी एवं अन्य । अमृत विचार

**अमृत विचार**। जनता कालेज बकेवर कृषि विज्ञान प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है। इस महाविद्यालय में कृषि के छात्रो के साथ दूरस्थ स्थानों से आए हुए किसान कृषि की नई योजनाएं तथा नई तकनीकी का ज्ञान प्राप्त कर लाभान्वित होते हैं।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया प्रत्येक वर्ष कालेज के छात्र क्षेत्र के 12 गांव गोद लेते हैं। जिसमें सभी विद्यार्थी किसान के साथ मिलकर कृषि की सभी गतिविधियों को कराने में सहयोग करते हैं। बीज बुवाई से लेकर फसल को बाजार में बेचने तक की गतिविधियों की मॉनिटरिंग आवंटित छात्र समूह किसानों के साथ मिलकर करते हैं ।

जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार ने जनपद में चलाई जाने वाले विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में छात्रों को अवगत कराया। संयोजक डॉ एमपी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को जानकर कालेज के विषय विशेषज्ञों द्वारा उनका समाधान एवं नवीनतम कृषि तकनीकी समझकर उन्हें किसानों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करता आ रहा है। कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत किसानों को 70 से 80 फीसदी सब्सिडी मिलती है, जिसमें ट्रैक्टर हैरो कल्टीवेटर आदि कृषि यंत्र मिलते हैं। इसी तरह स्प्रेयर, डस्टर, रीपर एवं कंबाइन मशीन पर भी विशेष सब्सिडी किसानों को दी जाती है।

सीबीआई के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मदन कुमार ने बताया कि किसानों को खेती-बाड़ी के लिए कम ब्याज पर केसीसी लोन दिया जाता है । पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्राध्यापक डा आदित्य कुमार ने संतुलित पशु आहार एवं बरसात सीजन में खुरपका मुंहपका रोग के निदान के संबंध में जानकारी दी। डॉ एसके विश्वकर्मा ने सब्जी उत्पादन की तकनीकी को समझाया। डॉ मनोज कुमार यादव ने फसल सुरक्षा उपाय पर प्रकाश डाला। डॉ पीके राजपूत ने रावे के विद्यार्थियों को आवंटित गांव की सूचना देने के साथ गांव में जाकर गांव एवं किसान संबंधी डाटा एकत्रित करने की जानकारी दी। कृषि संकाय के डीन डॉ एके पांडेय ने फल संरक्षण तकनीकी की जानकारी दी।

---

अवकाश रखने की मांग की है।

# जनता कॉलेज में कृषि संकाय के विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

बकेवर (इटावा) 12 सितम्बर। जनता कॉलेज बकेवर के सेमीनार हॉल में कृषि संकाय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एम.पी.सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लैब टू लैंड और लैंड टू लैब पर आधारित होता है जिसमें विद्यार्थी क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को जानकर कॉलेज के विषय विशेषज्ञों से उनका समाधान एवं नवीनतम कृषि तकनीकी समझकर उन्हें किसानों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं साथ ही किसानों के संपर्क में रहकर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं इसलिए आज यहां कृषि संकाय के विद्यार्थियों को नवीन कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी एवं कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रभारी जिला कृषि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी व प्रभारी एस.डी.ओ.प्रमोद कुमार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया । साथ ही बैंकिंग प्रणाली ऋण संबंधी केसीसी आदि की जानकारी देने के लिए सेंट्रल बैंक आफइंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मदन कुमार को आमंत्रित किया गया है। प्रमोद कुमार प्रभारी जिला कृषि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी ने विद्यार्थियों को कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत किसानों को 70 से 80: सब्सिडी मिलती है, जिसमें ट्रैक्टर हैरो कल्टीवेटर आदि कृषि यंत्र मिलते हैं। इसी तरह स्प्रेयर ,डस्टर, रीपर एवं कंबाइन मशीन पर भी विशेष सब्सिडी किसानों को दी जाती है। कृषि विभाग द्वारा सब्सिडी पर दिए जा रहे फसलों के बीजों की जानकारी भी दी गई।



मंचासीन अतिथिगण व प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी।

कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्राध्यापक डॉ.आदित्य कुमार ने संतुलित पशु आहार एवं बरसात सीजन में खुरपका मुंहपका रोग के निदान के संबंध में जानकारी दी। डॉ.एस.के.विश्वकर्मा ने सब्जी उत्पादन की तकनीकी को समझाया। डॉ.मनोज कुमार यादव ने फसल सुरक्षा उपाय पर प्रकाश डाला। डॉ. पी.के.राजपूत ने रावे के विद्यार्थियों को आवंटित गांव की सूचना देने के साथ गांव में जाकर गांव एवं किसान संबंधी डाटा एकत्रित करने की जानकारी दी।कृषि संकाय के डीन डॉ.ए.के.पांडेय ने फल संरक्षण तकनीकी की जानकारी दी। अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेश किशोर त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एम.पी यादव, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।